हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

11 शोध में सभी पहलूओं का ध्यान रखना जरूरी : वीसी



12 कॉलोनियों में गंदे पानी की सप्लाई से लोग बेहाल



Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर
44 फुट चौड़ी सड़कें, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आज फाउंडेशन डे मनाएगा। इस उपलक्ष्य में टैगोर सभागार में प्रातः 9.30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- अम्बेड़कर चौक पर रक्तदान शिविर लगेगा
- शहर में विशेष सफाई अभियान चलाएगा नगर निगम

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक झज्जर चुंगी, शिवाजी कॉलोनी, कमला नगर, हकीकत नगर, जागरण पार्क, काठ मंडी, काठ मंडी रामनगर, टेक नगर, पीपल वाली गली, बरजाई वाली गली, चावला कालोनी में सप्लाई बाधित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मदीना में किसान पर दराती से हमला, केस

**महम।** मदीना गांव में एक किसान पर पड़ोसी किसान ने दराती से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित किसान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना कोरसान गांव निवासी दीपक पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। वह अपने खेत में गया था, जहां पर गोहर को पक्का करने का काम चल रहा था। उसने लेबर से जेसीबी मशीन के पैसे मांगे, तब वहीं खेत में सोमबीर पुत्र शमशेर बरसीन काट रहा था। वह वहां पर आ गया और उस पर दराती से उस पर वार करने शुरू कर दिए। दराती उसके बाएं हाथ पर और पेट में लगी। लड़ाई की आवाज सुनकर राकेश पुत्र रोहतास आ गया। राकेश को देखकर सोमबीर उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके पर भाग गया। उसने नागरिक अस्पताल महम में अपना उपचार करवाया है। पुलिस ने सोमबीर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्यूटी पार्लर का काम सीखने गई युवती लापता

**महम।** खंड के एक गांव से एक 19 वर्षीय युवती लापता हो गई। युवती ब्यूटी पार्लर का काम सीखने के लिए महम आती थी। लेकिन वह शाम को जब घर नहीं लौटी तो परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। उसकी करीब 19 वर्षीय बेटी रोजाना महम में ब्यूटी पार्लर की दुकान पर काम सीखने के लिए महम आती थी। गत दिवस वह सुबह साढ़े 9 बजे घर से शहर आई थी।

# 4 माह में 100 लोगों के बैंक खाते साफ कर चुके साइबर ठग

नीरज वर्मा ⏭ रोहतक

प्रदेश में साइबर ठगों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई को लूट रहे हैं। आम लोगों का बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। जिले में पिछले 20 दिनों के अंदर ऑनलाइन ठगी की कई वारदात सामने आई हैं। वहीं, आज के दौर में लोग ऑनलाइन शॉपिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। ठगों ने भी ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन से लेकर सोशल मीडिया तक पर अड्डा जमा लिया है। उपभोक्ता ऑनलाइन बिल पेमेंट करने पर, किसी ई-कॉमर्स साइट से गैजेट खरीदने पर, एटीएम से कैश निकालने पर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी साइर ठगी के मामलों में रोक नहीं लगा पा रही है।

पुलिस के अनुसार इस चार महीनों में साइबर ठगी की करीब 100 वारदातों को शातिर अंजाम दे चुके है। हैरत की बात यह है कि साइबर ठगी के अधिकतर मामले आज तक अनसुलझे हैं। पुलिस के पास इन आरोपियों को पकड़ने के लिए अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीको से वारदातों को अंजाम दे रहे है। वहीं रोजाना साइबर ठगों के बदलते तरीको से लोग भी उनके झांसे में आने से नहीं बच पा रहे हैं। एसपी हिमांशु गर्ग का कहना है कि सावधानी में ही सुरक्षा है। लोगों को अलर्ट रहना होगा।

## पिछले बीस दिन में कई मामले पुलिस के पास पहुंचे

### कोमल से 28 हजार की ठगी

**केस 1**

आर्य नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में छोटू राम चौक निवासी कोमल ने बताया कि मेरे साथ 17 अप्रैल को फोन आया और बोला कि मैं रेवाड़ी से राजेंद्र बोल रहा हूं। आपने मुझसे से पैसे मांगे थे। वो मैं आपके फोन नंबर पर भेज रहा हूं। मेरे नंबर पर पैसे आने का मैसेज आया था। उसने बोला कि बेटा मुझसे ज्यादा पैसे ट्रांसफर हो गए। वो आप मुझे वापस कर दें। मैने उसे पैसे भेजे। उसके बाद मैंने चैक किया तो मेरे पास पैसे नहीं आए। वह सिर्फ एक मैसेज था। मैंने उसे गुगल-पे द्वारा पैसे ट्रांसफर किए थे। मेरे खाते से 28 हजार रुपये की ठगी हुई है। आर्या नगर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### अनजान नंबर से वाट्सअप पर मैसेज आय

**केस 2**

अर्बन स्टेट पुलिस को सेक्टर-4 निवासी उर्मिला ने दी शिकायत में बताया कि मेरे फोन पर 30 मार्च को एक अनजान नंबर से वाट्सअप पर मैसेज आया। जिसने ऑनलाइन काम करके पैसे कमाने के बारे में बताया, उसके बाद उन्होंने मुझे टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ दिया। जहां पर मैंने 1000 रुपये यूपीआई द्वारा दिए। उन्होंने मुझे 1500 रुपये भेज दिए। उसके बाद अगला टास्क 3000 रुपये देकर लिया। उसके बाद उन्होंने मुझे 4200 रुपये वापिस दे दिए। इसके बाद 7000 रुपये दिए। इसके बाद उन्होंने मेरे से 44 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे ठगों ने मेरे साथ कुल 1 लाख 47 हजार 167 रुपये ठग लिए है। अर्बन अस्टेट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापरवाही पड़ रही भारी

**केस 3**

सिविल लाइन थाना पुलिस को निशा ने दी शिकायत में बताया कि वह कैलाश कॉलोनी की रहने वाली हूं। मेरे पास 23 मार्च को फोन आया कि हमने गलती से आपके पास 1 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए है, हमारा मरीज सिरसा में अस्पताल में दाखिल है। मैंने जल्द बाजी में मोबाइल पर प्राप्त मैसेज देखा तो उसमें चार मैसेजों में कुल 1 लाख 70 हजार रुपये क्रेडिट होने पाए गए। मैंने उनके कहे अनुसार जल्द बाजी में उनके द्वारा भेजे गए दो बार कोडो में कुल 1 लाख 70 हजार रुपये भेज दिए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### अंकल बनकर लगा दी लाखों की चपत

**केस 4**

सिटी पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि वह पावर हाउस कॉलोनी कच्चा चमारिया रोड पर रहता है। वह बिजली निगम में लाइन में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि एक युवक का करीब 20 बार फोन आया और बोला कि मुझे पहचान लिया है। बोला कि मैं सहगल बोल रहा हूं। बोला कि मेरा रिश्तेदार दिल्ली अस्पताल में दाखिल है और मेरे पास पैसे खत्म हो चुके हैं। मेरे को पैसो की जरुरत है आप मेरे फोन पर पचास हजार डाल दिजिए मैं आपको शाम को वापिस कर दूगां। मैंने अपने फोन नंबर से सहगल के अकांउट में पैसे डालने की कोशिश की, लेकिन मेरे फोन से पैसे ट्रांसफर नहीं हुए। फिर मैंने अपने लड़के तुषार को कहा कि तेरे सहगल अंकल को पैसों की जरुरत है। उनके खाते में पैसे डाल दे। उन्होंने बताया कि बारी-2 से एक बार 45 हजार, 35 हजार और 10 हजार, 30 हजार, 20 हजार डाल दिए। वह मेरे लड़के तुषार ने मेरे कहने पर सहगल के अकाउंट में पैसे डाल दिए। इसके बाद सहगल को फोन किया तो बोला कि मैंने आपसे किसी तरह से कोई पैसे नहीं लिए है। आपके साथ ठगी हुई है। थाना शहर पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### सोशल मीडिया साइबर ठग सक्रिय

सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर, चैटिंग साइट्स, ऑनलाइन कंज्यूमर कंप्लेंट, चैरिटी और क्राउड फंडिंग वेबसाइट्स, फेसबुक मैसेंजर पर भी ऑनलाइन ठगों की एक नई फौज खड़ी हो गई है। ये लोग इन साइट्स पर मौजूद लोगों की पर्सनल जानकारी का फायदा उठाते हैं। कुछ ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स ऐसी हैं, जिन पर ईमेल के जरिए लॉगइन करना होता है।

### ई-शॉपिंग या बिल पेमेंट

ई-शॉपिंग या बिल पेमेंट के दौरान अगर सही वेबसाइट या पेमेंट चैनल नहीं चुनते हैं तो ठग कार्ड संबंधी जानकारी चुरा सकते हैं। ग्राहक का डेटा की स्ट्रोक लॉगिंग के जरिए कॉपी किया जा सकता है।

### वेबसाइट की छानबीन के बाद ही करें खरीदारी

किसी भी वेबसाइट पर खरीदारी करने से पहले उसकी छानबीन करनी चाहिए। सबसे पहले उसका डोमेन नेम जरूर चेक करना चाहिए। देखें कि यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न कि खाली एचटीटीपी। इसके बाद साइट की स्पेलिंग देखनी चाहिए ताकि डोमेन के नाम का पता चल सके। जिस कंपनी से सामान खरीद रहे हैं, उसकी प्रोडक्ट इश्योरेंस सर्विस लेनी चाहिए।वहीं पब्लिक एरिया में लैपटॉप यूज करते हैं या पब्लिक वाई-फाई के जरिए मोबाइल ट्रांजेक्शन करने से बचना चाहिए। अनसेफ सर्फिंग के कारण ठग डाटा चोरी कर सकते है। साथ फोन कॉल करके कस्टमर का सीवीवी नंबर या ओटीपी जुटाना और फिर पैसे निकाल लेने की घटनाएं पिछले कुछ वक्त में बढ़ गई हैं।

पुलिस सख्त, कोर्ट में रिपोर्ट पेश

# झूठी शिकायत देने पर आठ के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है जिन्होंने आपसी रंजिश का बदला लेने के लिए किसी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ झूठी शिकायत दी है या किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज करवाया है। अब तक रोहतक में 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा कई लोगों को चेतावनी दी गई कि वे झूठी शिकायतें न दें।

### ये बोले अधिकारी

एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि जिला पुलिस के विभिन्न पुलिस थानों द्वारा इस साल चार माह में अब तक कुल 8 मामलों में शिकायतकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय में रिपोर्ट पेश की गई। साल 2023 में 25 मामलों में शिकायतकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने पर तुरंत मामला दर्ज किया जाता है। मामला दर्ज होने के बाद गहनता से जांच की जाती है तथा तथ्य एकत्रित किए जाते है।

### जांच में खुलासा

जांच के आधार पर ही मामले में आगे कार्रवाई की जाती है। इस वर्ष 8 आपराधिक मामलें ऐसे पाए गए है। जिनमें शिकायतकर्ता द्वारा दूसरे पक्ष पर झूठे आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया जाना पाया गया। ऐसे मामलें में पुलिस द्वारा झूठी सूचना देने व झूठा आपराधिक मामला दर्ज कराने के संबंध में शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रंजिश में फंसाया

- कई लोगों ने रंजिश में दूसरों के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करवाई
- पुलिस ने चार माह में आठ मामलों की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की
- 2023 में 25 लोगों के खिलाफ झूठे शिकायत देने पर कार्वाई हुई थी

### किसी के खिलाफ झूठी शिकायत देना अपराध



जिला पुलिस ने आमजन से अपील है कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ झूठी शिकायत ना दें। झूठी शिकायत देने पर निर्दोष व्यक्ति के झूठे मामले में फंसने की संभावना रहती है और पुलिस का समय भी खराब होता है। कोई भी मामला झूठा पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

- हिमांशु गर्ग, एसपी

विश्व लिवर दिवस आज

पीजीआई का गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी विभाग देश का पहला ऐसा सेंटर जहां रोज होती है 100 से 150 की जांच

# अब तक बचा चुके 35000 लोगों की जान बुरे व्यसन से दूरी बना लिवर को हेल्दी रखें

रोजाना मिल रहे काले पीलिया के 15 से 20 केस, जांच निःशुल्क दवाएं भी फ्री मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लिवर का हमारे शरीर में बेहद अहम रोल है। इसलिए इसको हेल्दी रखना भी जरूरी है। शुक्रवार को दुनियाभर में विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में हमारी भी जिम्मेदारी बनती है है कि हम भी अपने लिवर को स्वस्थ रखें और बुरे व्यसनों से बचें और लिवर को हेल्दी रखें। यह शरीर का अहम अंग है। यह खराब हुआ तो व्यक्ति की मौत हो जाती है। रोहतक पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि लिवर खराब होने के मुख्यतः तीन कारण हैं। पहला, मोटापा, दूसरा शराब या नशा और तीसरा काला पीलिया यानी हेपेटाटिस-बी/सी हैं। काला पीलिया होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर पूरा इलाज लें। रोहतक पीजीआई के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में काले पीलिया का बिलकुल मुफ्त इलाज किया जाता है। डा. प्रवीण के नेतृत्व में 20 डॉक्टर की टीम काले पीलिया से अब तक 35,000 लोगों की जान बचा चुकी है। अब तक हैपेटाटिस-बी के 10,000 और हैपेटाटिस-सी के 25, 000 लोगों का इलाज किया जा चुका है। इसके अलावा 37,000 एंडोस्कोपी और 38,000 फाइब्रोस्कैन निःशुल्क और बिना वेटिंग के किए गए हैं।



रोहतक। पीजीआईएमएस के गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी विभाग की टीम बचा रही जान।

### 'जीवन रेखा' से बचाई लोगों की जान



डॉ. प्रवीण मल्होत्रा

पीजीआई में दस साल से काले पीलिया पर रिसर्च की जा रही है। इसके लिए 'जीवन रेखा' योजना शुरू की गई और इस पूरे प्रदेश में लागू किया गया। इस योजना को प्रदेश में बड़ी सफलता मिली तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी लागू किया गया। इस योजना के तहत दवाइयां फ्री दी जाती हैं। इसके बाद जीवन रेखा नेशनल वायरल हैपेटाइटिस-बी/सी कंट्रोल प्रोग्राम बन गया।

### पीजीआई में मरीजों के लिए सुविधा

पीजीआईएमएस के गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी विभाग देश का पहला ऐसा सेंटर जहां काले पीलिया की हर जांच निःशुल्क है, दवाएं भी फ्री मिलती हैं। यहां रोजाना 100 से 150 मरीजों की जांच होती है। यहां हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और यूपी से मरीज आते हैं। इनके अलावा किसी भी राज्य का मरीज यहां आकर इलाज करवा सकता है।

### देश का ऐसा पहला सेंटर

रोहतक पीजीआई का गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग देश का ऐसा पहला सेंटर है जहां हर रोज काला पीलिया के 100 से 150 मरीज आते हैं। यहां इन सभी का इलाज बिना किसी वेटिंग के फ्री में किया जाता है। यह देश का ऐसा पहला सेंट है जहां रोजाना ओपीडी लगती है।

### गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी विभाग मॉडल सेंटर

रोहतक पीजीआईएमएस के गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी विभाग को काले पीलिये का मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर बनाया गया है। इस सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा हैं। लीवर की बीमारी के यहा रोजाना 100 से 150 मरीज आते हैं। इनमें 20 नए मरीज होते हैं। बता दें कि डॉ. प्रवीण नेशनल स्टेरिंग कमेटी के भी सदस्य हैं। यह कमेटी काले पीलिया के इलाज की रूप रेखा तैयार करती है और इसे पूरे देश में लागू करवाती है।

### लिवर को ऐसे करें मजबूत

- सभी निर्धारित दवाएं समय पर लें, दिनभर खूब पानी पिएं
- हेल्दी स्नैक जैसे फल, सब्जियां, नट्स और सीड्स का सेवन करें
- अत्यधिक शराब और कैफीन से बचें, इससे खतरा
- हर्बल टी या डिकैफिनेटेड पेय पदार्थो का विकल्प चुनें

### गर्भवती महिलाओं के नवजात को भी बचा रहे चिकित्सक

गर्भवती महिलाओं के गर्भ से बच्चों में हैपेटाटिस-बी व सी जाने से भी रोका गया है। 50 फीसदी महिलाएं ऐसी होती हैं, जो हैपेटाइटिस बी से पीड़ित होती हैं और उनके बच्चों में भी हैपेटाइटिस बी जाने का खतरा होता है। पीजीआई में 6 साल में 750 गर्भवती महिलाओं पर रिसर्च की गई, जिन्हें हैपेटाइटिस बी था। इन पंजीकृत महिलाओं की पूरी निगरानी रखी गई। बच्चे के एक साल का होने पर ही हैपेटाइटिस बी का पता चलता है। अब तक 450 बच्चे एक साल के हो चुके हैं इनमें से 448 बच्चे ठीक मिले हैं, जबकि दो हैपेटाइटिस बी की व पुष्टी हुई है। सेंटर की सफलता का रेट 99.5 फीसदी रहा। ऐसी महिलाओं को वैक्सीन लगाई जाती है, हीमोग्लोबीन की दवाई दी जाती हैं।

## कृषि विभाग के पूर्व कर्मचारी ने जहर खाकर जान दी

**रोहतक।** रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भिजवाया गया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, जीआरपी को दोपहर को सूचना मिली कि 75 वर्षीय रामकुमार निवासी अंबेडकर कॉलोनी रोहतक का शव शिवालय मंदिर नजदीक रेलवे स्टेशन के सामने पार्क में बेंच पर पड़ा हुआ है। जहां बेंच पर भी खून बह रहा था। जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पीजीआई भेज दिया गया है। मृतक गांव नांदल का रहने वाला है और गांव जाने के लिए दो दिन पहले घर से निकला था। वह कुछ समय से मानसिक तौर पर परेशान चल रहा था। जिसके चलते यह कदम उठाया है। वह कृषि विभाग से सेवानिवृत्त है और उनके पांच बच्चे हैं। परिवार ने आत्महत्या के पीछे कोई कारण नहीं बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत
शिखर चंद जैन


पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियां:** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।

**कुशल गोताखोरः** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।





**छिपने की कुदरती क्षमताः** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षमः** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड में:** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।






# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएं:** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबें:** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्तः** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम, 9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव

**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक

**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी
अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

रंग भरो-148 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक



भावन्या, भिलाई

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2.C, 3.A, 4.B

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों को एमर्जिंग टेक्नोलॉजी के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** वर्तमान दौर डिजिटल टीचिंग-लर्निंग का है। जरूरत है कि शिक्षक डिजिटल टीचिंग-लर्निंग में महारत हासिल करें और विद्यार्थियों को डिजिटल भविष्य के लिए तैयार करके सफल होने में अपनी महती भूमिका निभाएं। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष प्रो. नसीब सिंह गिल ने द नेशनल कॉलेज, बेंगलुरू द्वारा संचालित छह दिवसीय राष्ट्र स्तरीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### कारागार में 60 जवानों ने चलाया सर्च अभियान

**सोनीपत।** जिला कारागार में दो दिन पहले मोबाइल मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। हालांकि इस दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। अभियान में करीब 60 जवानों ने डॉग स्क्वायड को साथ लेकर अभियान चलाया। सोमवार को सुरक्षा वार्ड के सी ब्लॉक की चक्की में मोबाइल मिला था। सेल में आंवली निवासी अंकित, दोदवा निवासी अश्विनी, रोहतक के सुंदरपुर निवासी दीपक और फतेहपुर का संजीव पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

### स्कूटी, मोबाइल फोन व नकदी उड़ा ले गए चोर

**गोहाना।** शहर में पानीपत रोड पर स्थित एक दुकान का सुबह के समय ताला तोड़ दिया गया। दो चोर दुकान के अंदर से एक स्कूटी, एक मोबाइल फोन के साथ कैश भी चुरा कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर लिया। पानीपत रोड पर एच.पी. कम्पनी के पेट्रोलपंप के सामने संजय पाइप एंड मशीनरी स्टोर है। इस शॉप के ऊपर सुनीता रोहिल्ला पत्नी रमेश रोहिल्ला रहती है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि सुबह के 5:40 बजे दो चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा।

### घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में घर के बाहर से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### नया वोट बनवाने अथवा वोट ट्रांसफर करवाने के लिए करें 26 अप्रैल तक आवेदन

# मतदाता अपने वोट व मतदान केंद्र की जानकारी के लिए डायल करें 1950

### अजय कुमार ने कहा है कि मतदान सभी मतदाताओं का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि मतदाता अपने वोट एवं मतदान केंद्र के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई पात्र व्यक्ति अपना वोट बनवाना चाहता है अथव कोई मतदाता अपने वोट को दूसरी जगह ट्रांसफर करवना चाहता है तो वे 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

अजय कुमार ने कहा है कि मतदान सभी मतदाताओं का अधिकार है। प्रत्येक मतदाता को इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके प्रत्येक मतदाता स्वयं को गौरवांवित महसूस करें। लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होता है। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक जारी रहेगी। यदि किसी नागरिक को कही पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वे इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा सी-विजिल ऐप पर कर सकते है। सी-विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायत का मात्र 100 मिनट में निपटारा सुनिश्चित करना होता है।

#### पोलिंग पार्टियों की करवाई जाएगी पाईलेट रिहर्सल/ट्रेनिंग

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जिला में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियां जारी है। इसी कड़ी में 24 व 26 अप्रैल को स्थानीय वैश्य इंजीनियर कॉलेज के ऑडोटोरियम हॉल में पोलिंग पार्टियों की पाईलेट रिहर्सल/ट्रेनिंग करवाई जायेगी ताकि लोकसभा आम चुनाव को सुचारू ढंग से संपन्न करवाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के दृष्टिगत जिला में मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी है। स्वीप अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों से मतदाताओं को एक-एक वोट का महत्व समझाकर प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अजय कुमार ने कहा कि विभिन्न विभागों के अलावा विभिन्न संस्थाएं भी स्वीप अभियान को आगे बढ़ा रही है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला के गांव माड़ौधी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर उपस्थित ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलवाई गई। ग्रामीणों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवाई। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि स्वीप के तहत गांव सुंडाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाताओं की सेल्फी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियन के तहत बेहतर भारत के लिए मतदान करने का संदेश दिया गया। छात्राओं ने लघु नाटिका तथा स्लोग्नों के माध्यम से हर मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचाया है। छात्राओं ने लोकतंत्र की क्या पहचान सभी मतदाता करें मतदान, अच्छे नागरिक की पहचान-वोट डालकर बनें महान।

#### लोकसभा आम चुनाव में मतदान के लिए हर मतदाता को किया जा रहा है जागरूक :- उपायुक्त

- स्वीप अभियान के तहत लगातार गतिविधियां हो रही है आयोजित।
- माड़ोधी गांव में रक्तदान शिविर में लोगों को दिलवाई गई मतदाता शपथ।
- सुंडाना गांव में वोटर सेल्फी के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया मतदान का संदेश।

#### स्वीप के तहत जिला प्रशासन एवं मीडिया के बीच 21 अप्रैल को होगा क्रिकेट मैच : एडीसी वैशाली

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने कहा है कि उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला में स्वीप अभियान की निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, कार्यालयों में मतदाता शपथ की गतिविधियां आयोजित की जा चुकी है तथा साइकिल रैली के माध्यम से भी शहर वासियों को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया है। इसी कड़ी में 21 अप्रैल को स्थानीय रैड बॉल क्रिकेट मैदान में जिला प्रशासन एवं मीडिया के मध्य क्रिकेट मैच आयोजित किया जायेगा। इस क्रिकेट मैच के माध्यम से भी मतदाताओं तक मतदान के महत्व को बताते हुए प्रत्येक मतदाता को आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## जिला में 58048.82 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

- अब तक 20785 .24 मीट्रिक टन सरसों खरीदी गई
- सभी मंडियों में उपलब्ध करवाई गई मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में बुधवार तक 58048.82 मीट्रिक टन गेहूं व 20785.24 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें तथा अपनी फसलों को सुखाकर व अच्छी तरह साफ करके मंडियों में लाये। बुधवार को जिला में 16543.77 मीट्रिक टन गेहूं तथा 849.12 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि बुधवार तक जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों में 58048.82 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसमें से कलानौर साइलो में अब तक 2278.19 मीट्रिक टन, किलोई में 3228.20 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा में 2831.97 मीट्रिक टन, मदीना में 1069.70 मीट्रिक टन, महम मंडी में 6914.90 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 28144.31 मीट्रिक टन, सांघी में 3917.55 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 9664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसी प्रकार बुधवार तक जिला में 20785.24 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर मंडी में 6273.58 मीट्रिक टन, महम मंडी में 8220.28 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 2071.80 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 4219.58 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

## मुख्यमन्त्री से मिलने के लिए नगराधीश को सौंपा पत्रः अमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने नगराधीश अंकित कुमार को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी से मिलवाने के लिए पत्र सौंपा। वशिष्ठ ने बताया कि प्रदेश की बेरोजगार युवाशक्ति व सरकारी कर्मचारियों की जायज मांगों को मनवाने के लिए उन्होंने मुख्यमन्त्री से मिलने के लिए जिला प्रशासन को पत्र सौंपा है।

वशिष्ठ पिछले काफी समय से हरियाणा प्रदेश की बेरोजगार युवाशक्ति व सरकारी कर्मचारियों के हक की जायज आवाज उठा रहे हैं जिसके कारण उन्होंने कहा था कि जब भी रोहतक में मुख्यमन्त्री आएंगे उस दिन वे मुख्यमन्त्री के सामने भी बेरोजगार युवाओ और सरकारी कर्मचारियों के जायज हक की आवाज उठाएंगे। इसके कारण शहर में प्रदेश के मुख्यमन्त्री आने से पहले ही वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया जाता था। अब सीएम के आगमन के चलते उन्होंने पत्र सौंपकर अनुमति मांगी है।

## शोधार्थियों को सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर समस्या निवारण मूलक शोध करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गुणवत्तापरक शोध समय की जरूरत है। शोधार्थियों, विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान के शोधार्थियों को सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर समस्या निवारण मूलक शोध करना होगा। ये विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वीरवार को चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज तथा फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा संचालित की जा रही रिसर्च मैथोडोलॉजी कार्यशाला में शोधार्थियों से संवाद में व्यक्त किए। वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने शोधार्थियों से शोध साहित्य समीक्षा पर विशेष ध्यान देने का परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों को शोध में क्रिएटीविटी तथा क्रिटिकल थिंकिंग पर फोकस करना होगा। शोधार्थियों को रिसर्च एथिक्स का पालन करने को कहा। कुलपति ने इंटर डिसिप्लिनरी रिसर्च के महत्व को अपने संबोधन में रेखांकित किया। व्याख्यान उपरांत कुलपति ने शोधार्थियों से सीधा संवाद किया तथा शोधार्थियों से फीडबैक लिया। निदेशक, सीआरएसआई प्रो. सोनिया मलिक ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यशाला बारे बताया। डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया तथा प्रो. सोनिया मलिक ने कुलपति का हार्दिक अभिनंदन किया।

## फसल अवशेष जलाने पर तुरंत प्रभाव से लगाई गई रोक

**रोहतक/जींद।** जिलाधीश अजय कुमार ने अपराध प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षित रखने तथा वायु प्रदूषण से बचाव के दृष्टिगत जिला में गेहूं व अन्य फसलों के खेतों में अवशेष जलाने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि किसानों द्वारा खेतों में फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण होता है, जिससे निकलने वाली विभिन्न प्रकार की जहरीली गैसों का मनुष्य के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव होता है तथा सभी जीवों के लिए नुकसानदायक है।

## हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की जिला कार्यकारिणी का गठन

- विकास सैनी, संजीव कौशिक और महेश बने जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। यूनियन के जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया और महा सचिव इंद्रवेश, लोकेश जैन और सोमनाथ शर्मा से विचार विमर्श के बाद रोहतक के विकास सैनी, संजीव कौशिक और महेश चुघ को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनके साथ ही अमित भारद्वाज को महासचिव, नवीन मालिक को सहसचिव, पायल आहूजा और पायल शर्मा को सचिव और विनोद कौशिक को कोषाध्यक्ष बनाया है।

#### ब्लॉक पर इन्हें जिम्मेदारी

वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार नरवाल महम ब्लॉक के अध्यक्ष, ललित शर्मा कलानौर ब्लॉक अध्यक्ष और रामभज दलाल सांपला ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। सभी पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी मिलने पर हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया, प्रदेश महासचिव इंद्रवेश, कोषाध्यक्ष लोकेश जैन सोमनाथ शर्मा व अन्य पदाधिकारी का आभार जाते हुए कहा कि जो दायित्व हमें सौंपा गया है उसे ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे।

#### बैठक 20 को बहादुरगढ़ में

हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे गणपति धाम रोहतक दिल्ली रोड बहादुरगढ़ जिला झज्जर में होगी। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। पत्रकारिता पर प्रदेश सत्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर झज्जर जिले के मेंबर्स को पहचान पत्र भी वितरित किए जाएंगे। बैठक में संगठन को मजबूत करने वा अन्य जिलों में सदस्यता अभियान चलाने तथा जिला इकाइयों के गठन के मामले पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

## सिंचाई विभाग के दफ्तर पर गमछा बांधने के मामले में रोहतक कोर्ट में पेश हुए नवीन जयहिंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। कोर्ट में पेशी के बाद बाहर आते हुए नवीन जयहिंद।

जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द सिंचाई विभाग में किसानों की आवाज उठाने के चलते एक्सइन ऑफिस पर गमछा बांध दिया था। जयहिंद वीरवार को कोर्ट में पेश हुए और दूसरे पक्ष ने अपनी गवाही दी। उनकी शुक्रवार को फिर इसी मामले में कोर्ट में पेशी होगी। जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि किसान बार-बार सिंचाई विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा था। फिर वे किसान अपनी परेशानी लेकर उनके पास आये और वो फिर सिंचाई विभाग में एक्सइएन ऑफिस पर पहुचें। एक अधिकारी के दफ्तर पर पहले ही ताला लगा हुआ था और कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। न तो उन्होंने किसी तरह की सरकारी काम में बाधा डाली, न ही सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया और न किसी के किसी भी तरह की कोई मारपीट की है। इस मौके पर एडवोकेट मदन लाल, एडवोकेट दीपक सिसोदिया, एडवोकेट सिद्धार्थ बजाज, मुनिपाल अत्री मौजूद रहे।

#### 19 मई को पर मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

जयहिंद ने बताया कि सभी 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ मिलकर भगवान परशुराम महाजन्मोत्सव रविवार 19 मई को मनाया जाएगा। इस मौके पर देशी घी का भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। पहरावर की जमीन आखिरकार प्रशासन ने समाज के नाम कर दी है।



## महावीर मलिक गवर्नमेंट कांग्रेस एम्पलाइज प्रकोष्ठ के चेयरमैन नियुक्ति

**रोहतक।** नई दिल्ली में राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के निवास पर पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ने रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में महावीर मलिक को रिटायर्ड गवर्नमेंट एम्पलाइज प्रकोष्ठ के चेयरमैन की नियुक्ति का पत्र देकर सम्मानित किया। दिल्ली निवास पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों में देवराज नान्दल, प्रदेश अध्यक्ष पैन्सनर समाज रितु राज सिवाय, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन इन्टक के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सिगरोहा, आनन्द खिडवाली, रामकरण हुड्डा, नरेंद्र पप्पू आन्तिल सोनीपत से, गुरुग्राम से सुरजभान, तेजराम सैनी, सत्यवान सिंह, हांसी हिसार से मास्टर नरेश आदि मौजूद रहे।

## महिला कैदी को नशा खिलाकर दो कैदियों ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महिला कैदी से यह वारदात रोहतक पीजीआई रोहतक में हुई। जहां पुलिसकर्मी प्रिजनर वैन को खड़ा कर कागजात तैयार करा रहे थे। इसी दौरान 2 कैदियों ने उसके साथ यह वारदात की।

जींद पुलिस ने थाना सिविल लाइन में इस संबंध में जीरो एफआईआर दर्ज कर रोहतक पुलिस को भेज दी है। वारदात रोहतक पीजीआई में हुई, इसलिए आगे की कार्रवाई वहीं से होगी। यह महिला कैदी जेल में सुसाइड की कोशिश भी कर चुकी है।

पुलिस के मुताबिक जींद जेल में एक महिला नशीले पदार्थ की तस्करी के जुर्म में सजा काट रही है। महिला कैदी का रोहतक पीजीआई से इलाज चल रहा है। बीती 20 फरवरी को जेल के वाहन (प्रिजनर वैन) से उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया था। वैन में उसके साथ कैदी मनीष व गांव धनौरी निवासी सतीश भी था। पीजीआई में वैन को खड़ा कर सुरक्षाकर्मी कागजात तैयार करवा रहे थे।

महिला कैदी का आरोप है कि साथ गए दोनों कैदियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद उन्होंने उसके साथ रेप किया। आरोप लगाने वाली महिला कैदी के खिलाफ भी तनाव के चलते जेल में जान देने की कोशिश करने का मामला दर्ज है। मनीष व बंदी सतीश के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

जींद सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर ने बताया कि महिला कैदी द्वारा रेप किए जाने की शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। घटनास्थल पीजीआई रोहतक बताया गया है। इसलिए जीरो एफआईआर रोहतक पुलिस को भेज दी गई है।

Celebrating
THE LIFE OF



Retd. PROF KULBIR SINGH MARYA
August 25, 1943 - March 24, 2024
PRAYER MEETING
Saturday 20th April 2024
Madan Lal Dhingra Community Center
Old ITI ground Rohtak, 2 pm to 3 pm
In Grief
Promila Marya (Wife)
Raman Marya and Meghna Marya
(Son and Daughter-in law)
Ashima Singla and Amit Singla
(Daughter and Son-in Law)
Mobile no: 9729040160

### कार्यक्रम में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

# एमडीयू आज मनाएगा अपना 49वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 19 अप्रैल को फाउंडेशन डे मनाएगा। इस उपलक्ष्य में टैगोर सभागार में प्रातः 9.30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डा. शरणजीत कौर बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। टैगोर सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के एचीवर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। एचीवर रिसर्चर्स को भी कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान तथा रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा कार्यक्रम में संबोधन करेंगे। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों समेत भविष्योन्मुखी रोड मैप को साझा करेंगे। एमडीयू फाउंडेशन डे कार्यक्रम के प्रातःकालीन सत्र में एमडीयू म्यूजिक बैंड आर्यन की परफार्मेंस होगी। साथ ही, विश्वविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। दोपहर कालीन सत्र में प्रसिद्ध कव्वाली गायक हसनैन निजामी कव्वाल एवं उनकी टीम शाम-ए-कव्वाली कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

वीरवार को इस संदर्भ में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में फाउंडेशन डे कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा का ब्यौरा दिया। बैठक में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, प्रो.अरूण नंदा, प्रो. राजेश पुनिया, प्रो. सत्यवान बरोदा, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. तिलक राज, प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. अंजु धीमान, सुनित मुखर्जी आदि रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

CUET
ENGLISH | GENERAL TEST | DOMAN SUBJECTS
Join ENTRANCE PREPARATION
CLAT IPMAT DESIGN
BBA BCA LIBERAL
BJMC HOTEL MANAGMENT BA. B.ED
2 YEAR PROGRAM CRASH COURSE
1 YEAR PROGRAM TEST SERIES
Get SCHOLARSHIP upto 50%
T.I.M.E.
Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

## खबर संक्षेप

### स्कॉलर रोजरी स्कूल में कार्यक्रम आज

**रोहतक।** आईआईएमयूएन द्वारा 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक स्थानीय स्कूलों के साथ एक शहर स्तरीय परिषद का आयोजन किया जाएगा। जहां विभिन्न पृष्ठभूमियों से रुचि रखने वाले युवा व्यक्तियों का संवाद होगा। 19 अप्रैल को स्कॉलर रोजरी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें कबड्डी के खिलाड़ी दीपक हुड्डा सहित मेयर मनमोहन गोयल, एशियन पैरा गेम्स पदक विजेता अमित सरोहा आदि मुख्य तौर पर उपस्थित होंगे।

### निशु:ल्क स्वास्थ्य जांच शिविर महम में 21 को

**महम।** राजा खुराना मैमोरियल सोसाइटी द्वारा रविवार 21 अप्रैल को स्वर्गीय राजा खुराना की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पुण्यतिथि के मौके पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, सामान्य रोग, शिशु रोग, ईएनटी और नेत्र रोगों की जांच की जाएगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी। पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर गिरीश राजा खुराना ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा।

### नशे के खिलाफ की आयोजित प्रतियोगिता


**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में वीरवार को नशे के खिलाफ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 48 छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने नशे के दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला और विजेता छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में चंचल प्रथम राशिम द्वितीय हिमांशी तृतीय स्थान पर है। निर्णायक की भूमिका डा सुप्रिया डॉक्टर रितु और डॉक्टर प्रीति ने निभाई।

### लाढ़ोत में दो किसानों का 2 एकड़ गेहूं जला

**रोहतक।** वीरवार को गांव लाढ़ोत में दो किसानों की एक-एक एकड़ गेहूं की फसल जल गई। आग कैसे लगी,इसके कारणों का पता किसानों को नहीं लग पाया है। घटना की सूचना किसानों ने फायर बिग्रेड को दी। लेकिन जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंचती, तब तक किसानों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया था। आशंका है कि किसी ने जलती हुई बीड़ी-सिगरेट फसल में फैंक दी होगी। पीड़ित किसान रणबीर और काला ने बताया कि गेहूं जलने से उन्हें कम से कम डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों की प्रशासन से मांग है कि उनके तुरंत 50 हजार रुपये एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। बृस्पतिवार को राहत ये रही कि लाढ़ोत को छोड़कर किसी अन्य किसी भी गांव में आग से फसल नहीं जली। ध्यान रहे कि बुधवार को तो कई गांवों में विभिन्न कारणों के चलते आग भड़क उठी थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

सड़क पर नालों में कूड़ा फेंकने वाले दुकानदारों के काटे जाएंगे चालान


# नपा ने व्यापार मंडल से शहर में सफाई रखने के लिए मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

वीरवार शाम को महम नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अधिकारियों और महम व्यापार मंडल सदस्यों के बीच एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने की। नगर पालिका सचिव ने शहर के व्यापारियों और दुकानदारों से शहर की साफ सफाई के लिए सहयोग मांगा। कहा कि यदि वे सहयोग करेंगे तो नगर पालिका को शहर की साफ सफाई में दिक्कत नहीं आएगी और शहर भी साफ सुथरा दिखेगा। बैठक में नगर पालिका के सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत ने दुकानदारों से कहा कि महम शहर बाजारों में ज्यादातर दुकानदार कूड़ा कचरा डालने के लिए डस्टबीन नहीं रखते। कूड़ा सड़क पर डाल देते हैं और वह उड़कर नालियों में चला जाता है, जिस वजह से सीवर जाम हो जाते हैं। इसलिए दुकानदार यदि अपने कूड़े को डस्टबीन में रखेंगे तो नगर पालिका को नालों की साफ सफाई में आ रही दिक्कत नहीं होगी।

**अलग-अलग डस्टबीन रखने होंगे**

दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि वे सूखा और गीला कूड़ा रखने के लिए अलग अलग डस्टबीन रखेंगे। सड़क पर व नालों में कूड़ा नहीं डालेंगे। नगर पालिका अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि सुबह शाम दोनों टाइम नगर पालिका का वाहन दुकानों से डस्टबीन में रखे कूड़े को उठाने के लिए पहुंचेगा। इसके लिए बाकायदा नपा ने रूट प्लान तैयार कर लिया है। जिसमें पुराना बस स्टैंड से लेकर आजाद चौक और राजीव गांधी चौक एवं छोटा बाजार होते हुए मेन बाजार से सैमाण चुंगी तक यह वाहन जाएगा। दोनों टाइम इस वाहन में दुकानदार अपना कूड़ा डालेंगे। दुकानदारों द्वारा कूड़ा सड़क के बीच में या नालों में डाल दिया जाता है, जिस वजह से शहर के नाले और सीवर जाम हो जाते हैं। अब नगर पालिका अधिकारियों और व्यापार मंडल सदस्यों ने मिलकर शहर की साफ सफाई की रूपरेखा तैयार कर ली है। यह सुनिश्चित किया गया है कि दुकानदार डस्टबीन में गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग रखेंगे।



**महम।** नगर पालिका कार्यालय में व्यापार मंडल सदस्यों के साथ बैठक करते नगर पालिका सचिव नवीन नांदल व सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत। फोटो : हरिभूमि

- दुकानदारों ने कहा डस्टबीन में रखेंगे कूड़ा, अधिकारी बोले दोनों टाइम आएंगे वाहन
- दुकानदार गीला और सूखा कूड़ा अलग- अलग रखेंगे

**बैठक में ये रहे मौजूद**

साथ ही नगर पालिका अधिकारियों ने यह भी कहा है कि यदि इसके बाद भी कोई दुकानदार इन नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया तो उसका चालान काटा जाएगा। बैठक में व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, राजू सोनी, कालू रल्हन, सतपाल सदाना, रणधीर सिंह, पार्षद बोबी गोयल, पार्षद बजरंग गोयल व राजेश जिंदल समेत कई दुकानदार शामिल थे।

# रोहतक शहर की कई कॉलोनियों में गंदे पानी की हो रही सप्लाई

## जन स्वास्थ्य विभाग नहीं करवा पा रहा समाधान, लोग परेशान

- लोगों को महंगे दामों पर खरीद कर पीना पड़ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर की कई कॉलोनियों में काफी दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसकी वजह से लोगों का जीना दुभर हो गया है। एक तो पानी बदबूदार है दूसरा इसे प्रयोग नहीं किया जा सकता। इसकी वजह से लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, गोहाना अड्डा, तिलक नगर, रामगोपाल कॉलोनी, बाबरा मोहल्ला, एकता कॉलोनी, न्यू चिन्योट कॉलोनी, पटेल नगर, लाढ़ौत रोड, सेक्टर एक दो व तीन में कई मकानों में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। जिसकी शिकायत जन स्वास्थ्य विभाग को की गई है लेकिन अधिकारी इनका समाधान नहीं करवा पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कुछ दिन तक समस्या ठीक हो जाती है इसके बाद फिर से गंदा पानी आने लगता है। अब गर्मी बढ़ने के साथ साथ गंदे पानी की समस्या बढ़ती ही जा रही है।

तिलक नगर स्थित चौधरी लेन में लोगों को काफी दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों उन्होंने विभाग को शिकायत भी की थी। इसके अलावा एकता कॉलोनी में कई माह से दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसकी वजह से उन्हें पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। जसबीर, पम्मी, गीता, पूनम आदि ने बताया कि कई दिनों से वे गंदा पानी प्रयोग करने पर मजबूर हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समस्या का हल नहीं कर रहे। उन्होंने विगत दिनों ही पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई से मुलाकात की और समस्या का समाधान करवाने की मांग की। हालांकि अभी तक कई घरों में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या बनी हुई है। रामगोपाल कॉलोनी के कई मकानों में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है।

**सालभर से आ रहा दूषित पानी:** सेक्टर तीन में एक साल से कई मकानों में गंदा पानी आ रहा है। शिकायत करने पर कुछ दिन तक पानी साफ आने लगता है और फिर कुछ दिन बाद गंदा पानी आना शुरू हो जाता है। शहर के बाबरा मोहल्ला, माता दरवाजा क्षेत्र, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी में भी ऐसे ही हालात हैं। इसके अलावा चिन्योट कॉलोनी, पटेल नगर, जनता कॉलोनी, लाढ़ौत रोड पर भी गंदे पानी की समस्या बनी हुई है।

### दो दिन पहले जसबीर और कबीर कॉलोनी की महिलाओं ने की थी शिकायत

दो दिन पहले ही जसबीर कॉलोनी और कबीर कॉलोनी की महिलाओं ने गंदे पानी को लेकर आवाज उठाई थी। महिलाओं ने बताया कि पिछले एक महीने से उनकी कालोनी में पानी तक नहीं आ रहा है। जब 1 महीने बाद पानी आया तो सीवर का पानी उनके घरों में आने लगा। इस पानी में इतनी बदबू आ रही है कि उनका घरों में रहना तक मुहाल हो गया है। उन्होंने नवीन जयहिंद को भी शिकायत की थी, जिन्होंने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन अभी तक समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो पाया है।



# दा आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने साइकिल रैली से किया जागरूक

- साइकिल रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर छोटू राम स्टेडियम तक चली
- रैली में डीसी अजय कुमार, एडीसी वैशाली, एसपी हिमांशु गर्ग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दा आर्यन ग्लोबल स्कूल करौंथा के छात्रों ने साइकिल रैली में हिस्सा लेकर सिद्ध कर दिया कि आर्यनस प्रत्येक गतिविधि को पूर्ण करने में कभी पीछे नहीं हटते। यह साइकिल रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर छोटू राम स्टेडियम तक चली। इसमें बड़े-बड़े दिग्गजों ने हिस्सा लिया।

रैली के मुख्य अतिथि डीसी अजय कुमार, एडीसी वैशाली, एसपी हिमांशु गर्ग और जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने भी शिरकत की। दा आर्यन ग्लोबल स्कूल के बच्चों के लिए यह बहुत ही अच्छा अनुभव रहा इन्होंने साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। छात्रों के इस बेहतरीन प्रयास को देखकर अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल रही है। मैनेजमेंट सदस्यों स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला व प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने बच्चों के प्रयास को उत्तम बताते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल की समीक्षा ने प्रश्नोत्तरी में जीता सर्टिफिकेट

- कक्षा नौवीं की छात्रा समीक्षा ने पर्यटन और भारतीय विरासत प्रश्नोत्तरी में एक्सीलेंट परफॉर्मेंस के लिए मैरिट प्रशस्ति पत्र जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा समीक्षा ने पर्यटन और भारतीय विरासत प्रश्नोत्तरी में एक्सीलेंट परफॉर्मेंस के लिए मैरिट प्रशस्ति पत्र जीता। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता नवंबर 2023 में युवा टूरिज्म क्लब के सदस्य के लिए आयोजित की गई थी। समीक्षा को भारतीय संस्कृति भारत की विरासत क्वीज में अच्छी प्रस्तुति हेतु मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म गवर्नमेंट ऑफ इंडियन द्वारा प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट हैंपर से सम्मानित किया गया। इस जीत पर सभी ने खुशी जाहिर की। अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता से आश्चर्यचकित करने वाली समीक्षा क्विज़िंग में अपनी असाधारण प्रतिभा के लिए प्रतिभा की किरण बनकर उभरी हैं। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने समीक्षा को आशीर्वाद दिया व सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता में नए कीर्तिमान स्थापित करने से न केवल बच्चों का अपना गौरव बढ़ता है बल्कि वे अपने अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय को भी गौरवान्वित करते हैं और अनूठे व्यक्तित्व के स्वामी बनते हैं। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या मेंशका, हर्ष मदान, रितु खुराना तरू आदि अध्यापक उपस्थित रहें।

# वार्षिक गैस्ट्रो अपडेट 2024 कांफ्रेंस में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मेडिसिन विभाग के तीन पीजी छात्रों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पटियाला और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन द्वारा आयोजित करवाई गई वार्षिक गैस्ट्रो अपडेट 2024 कांफ्रेंस में आयोजित क्विज प्रतियोगिता जीतने पर कुलपति डॉ अनीता सक्सेना ,कुलसचिव डॉक्टर एच के अग्रवाल व विभाग अध्यक्ष डॉ सुधीर अत्री ने बधाई देते हुए कहा कि तीनों विद्यार्थियों ने यह प्रतियोगिता जीतकर पूरे देश में संस्थान का नाम रोशन किया है। डॉ सुधीर अत्री ने बताया कि 13 से 14 अप्रैल तक गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पटियाला और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन द्वारा पटियाला में एनुअल गैस्ट्रो अपडेट 2024 का आयोजन करवाया गया था। इस कॉन्फ्रेंस में करीब 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कॉन्फ्रेंस के दौरान ही गैस्ट्रो अपडेट क्विज 2024 का भी आयोजन करवाया गया था जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की करीब 25 टीमों ने हिस्सा लिया था। डॉ अत्री ने बताया कि उनके दिशा निर्देशन में डॉक्टर कशीष मित्तल, डॉक्टर मुस्कान गोयल व डॉक्टर सार्थक महापात्रा ने भी इस क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान कई राउंड हुए जिसमें पीजीआईएमएस रोहतक की टीम ने बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरा स्थान जीएमसी अमृतसर की टीम को मिला।



**रोहतक।** विजेता छात्र कुलपति डॉ अनिता सक्सेना से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वैश्य महिला महाविद्याल में गेट टूगेदर पार्टी का आयोजन हुआ

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में स्टूडेंट वेलफेयर सेल की ओर से गेट टूगेदर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रिंसिपल डॉक्टर रश्मि गुप्ता ने सभी छात्रों को उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मिस फ्रेशर वंशिका बीकॉम पास में, स्माइल प्रभूति बीकॉम पास, मिस पर्सनालिटी बिकम ऑनर्स, मिस फेयरवेल हिमांशी एमए इंग्लिश, मिस इवनिंग योगिता, मिस स्माइल दीक्षा, मिस पर्सनालिटी आरजाऔर बेस्ट डांसर मिस सुकून को दिया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट वेलफेयर सेल की संयोजिका डॉ. अलका बहन, डॉ. निशा जैन, डॉ. रितिका, डॉ. निधि तथा अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद रहे।

### ऑनलाइन माध्यम से मोटिवेशनल वर्कशॉप का किया गया आयोजन

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन में मोटिवेशनल वर्कशॉप का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा ने की। उन्होंने बताया कि थीम ड्राफ्ट योर ओन एथिक्स रही। इस कार्यक्रम का आरंभ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के चित्र दिखाकर उनसे संबंधित मुहावरे पूछ कर रोचक ढंग से किया गया। इस वर्कशॉप में मनोज, गौतम बत्रा, वंदना, नमिता व सोनिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। मनोज ने बताया कि हमें आत्म संयमी होना चाहिए। गौतम ने स्वामी विवेकानंद के विचारों व कहानी के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। वंदना ने कहा कि हम सकारात्मक सोच के द्वारा अपनी मानसिक ऊर्जा को विकसित कर सकते हैं।

### सत जींदा कल्याणा कॉलेज में सुडोको प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा कॉलेज कलानौर में बृहस्पतिवार को गणित विभाग के द्वारा सुडोको प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम हीना, द्वितीय गरिमा व तृतीय अंकित रही। प्रतियोगिता गणित विभागाध्यक्ष डॉ. गुरविंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में हुई। इसमें डॉ. पूनम अधलखा और डॉ. सतीश नरवाल का सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ढुआ ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया तथा गणित विभाग को कार्यक्रम आयोजन करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डॉ. रीतूलाल, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. शिवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

15-16 मार्च 2024 को कलिंगा विवि में हुआ था आयोजन

# प्रो. डॉ विवेक शर्मा ने सम्मेलन में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक में फार्माकोलॉजी विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ विवेक शर्मा नेवैश्विक प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) निगरानी में वर्तमान चुनौतियों और नवीन रणनीतियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में गत दिवस भाग लिया।

यह सम्मेलन 15 और 16 मार्च 2024 को कलिंगा विश्वविद्यालय, फार्मेसी संकाय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत में फार्मेसी और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, कुआलालंपुर विश्वविद्यालय और रॉयल कॉलेज ऑफ मेडिसिन, पेराक, मलेशिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्हें यहां पर मौखिक प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ विवेक शर्मा की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ अनीता सक्सेना एवं फार्मोकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति कौशल ने डॉ विवेक को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह अवार्ड प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया है।

अपनी इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ विवेक शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान "भारतीय आबादी में घुटने के पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस के वयस्क रोगियों में डिक्लोफेनाक के लिए एक अतिरिक्त चिकित्सा के रूप में डायसेरिन की तुलनात्मक प्रभावकारिता और सुरक्षा का निर्धारण" नामक एक मौखिक प्रस्तुति के लिए उन्हें "सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार" मिला। डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर से कई राष्ट्रीय संकायों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संकायों ने भी भाग लिया था। सम्मेलन का उद्देश्य फार्माकोविजिलेंस में सुधार की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और दवाओं के सुरक्षित, प्रभावी और तर्कसंगत उपयोग को प्रोत्साहित करना था। इस सम्मेलन को भारतीय फार्माकोपिया आयोग, गाजियाबाद, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एवं स्कूल ऑफ फार्मेसी न्यूटिया विश्वविद्यालय, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल के सहयोग से भी समर्थन दिया।



**रोहतक।** डॉ विवेक शर्मा की उपलब्धि पर कुलपति डॉ अनीता सक्सेना बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# उद्यमिता के माध्यम से बेरोजगारी को कम कर सकते है: नवीन कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वाधान में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला हरियाणा से अनुमोदित एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया। जिसका विषय 'उद्यमीयता एक कदम आत्मनिर्भर भारत की तरफ़' रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान नवीन कुमार जैन ने मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्ज्वलन से की और उन्होंने संगोष्ठी आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उद्यमीयता के माध्यम से बेरोज़गारी को कम कर सकते है और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने संगोष्ठी के विषय और उद्देश्यों से सभी प्रतिभागियों को रूबरू करवाया। उद्घाटन सत्र में बतौर की-नोट स्पीकर डॉ. कुलदीप छिकारा, विभागाध्यक्ष, वाणिजय विभाग, मदवि, उन्होंने प्रतिभागियों को विषय से संबंधित ओजस्वी वाणी में प्रभावपूर्ण जानकारी प्रदान की।